**कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ -226002**
**Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002**

सं.प्रशा./1025/हि.क /रा.भा.का.स./12/2017 दिनांक : 01 /12/2017

सेवा में,

सहायक निदेशक ( राजभाषा)
(हिंदी कक्ष)
रक्षा लेखा महानियंत्रक
उलान बटार मार्ग, पालम,
दिल्ली छावनी- 110010

**विषय : रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ कार्यालय की दिनांक 24.11.2017 को संपन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त ।**

इस कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 24.11.2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है ।

- ह० -
(दिपांकर लाहिड़ी)
व. लेखा अधिकारी(हिंदी)

प्रतिलिपि: - सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

1. सहायक निदेशक (राजभाषा)
   रक्षा मंत्रालय (वित्त)
   कमरा संख्या : 130, बी विंग,
   सेना भवन, नई दिल्ली-110011
2. र.ले.प्र.नि.व अपर नियंत्रक के क्रमश: निजी सचिव एवं वै. सहायक, मुख्य कार्यालय, लखनऊ
3. उपनियंत्रक एवं सहायक नियंत्रक के वै. सहायक
4. वरिष्ठ लेखाधिकारी, लेखाधिकारी/सदस्यगण
5. समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी

(2–5) कृपया अपने से संबंधित बिन्दुओं पर की गई कार्रवाई से हिंदी कक्ष को दिनांक 24.12.2017 तक अवगत कराने का कष्ट करें ।

6. स्वचलन कक्ष .... कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

(दिपांकर लाहिड़ी)
व. लेखा अधिकारी(हिंदी)

कार्यालय रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) करियप्पा मार्ग, लखनऊ -226002
Office of the Principal Controller of Defence Accounts (CC)Cariappa Road, Lucknow Cantt.-226002

**विषय : रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ कार्यालय की दिनांक 24.11.2017 को संपन्न राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त ।**

रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (म.क.) लखनऊ कार्यालय में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2017 की चतुर्थ तिमाही बैठक श्री आलोक चतुर्वेदी,भा.र.ले.से., प्रधान नियंत्रक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 24.11.2017 को कार्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई ।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :

| क्रम | अधिकारियों के नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रीतम दत्ता, भा.र.ले.से., उप नियंत्रक | सदस्य |
| 2 | श्री मोहित शर्मा, भा.र.ले.से.,सहा. नियंत्रक | सदस्य |
| 3 | श्री शशि मौली चौबे, भा.र.ले.से.,सहा. नियंत्रक | सदस्य |
| 4 | श्री दिपांकर लाहिड़ी, व.लेखाधिकारी | सदस्य-सचिव |
| 5 | श्री उमेश कुमार , व.लेखाधिकारी | सदस्य |
| 6 | श्री राजीव कुमार, व.लेखाधिकारी | सदस्य |
| 7 | श्री उन्नीकृष्णन्न, व.लेखाधिकारी | सदस्य |
| 8 | श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, व.लेखाधिकारी | सदस्य |
| 9 | श्री सर्वेश कुमार, व.लेखाधिकारी | सदस्य |
| 10 | श्री संजय श्रीवास्तव, व.लेखाधिकारी | सदस्य |
| 11 | श्री अनिल कुमार गुप्त, व.लेखाधिकारी | सदस्य |
| 12 | श्री तेजसिंह अधिकारी, व.लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 13 | श्री एम.के. गुप्ता, व.लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 14 | श्री विनय कृष्ण श्रीवास्तव, लेखाधिकारी | सदस्य |
| 15 | मो.यूसूफ, लेखाधिकारी | सदस्य |
| 16 | श्री राकेश कुमार ,लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 17 | श्री रीतेश कुमार,सहा. लेखा अधिकारी | सदस्य |

अन्य उपस्थित :

श्री राजीव कुमार, वरिष्ठ अनुवादक

सर्वप्रथम सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय के साथ बैठक में उपस्थित अन्य सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया । तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई ।

**मद संख्या-01 पिछली तिमाही में संपन्न बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि पिछली बैठक दिनांक 09.08.2017 को संपन्न हुई थी । उक्त बैठक के कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई । अत: सर्वसम्मति से उस कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई ।

**मद संख्या -02 पिछली तिमाही की बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :**

पिछली तिमाही बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई के बारे में सदस्य सचिव ने विस्तृत विवरण दिया जो इस प्रकार है :

<u>बिन्दु. (1)</u> कार्यालय की गृह पत्रिका लेखा भारती के 14वें संस्करण हेतु अब तक कुल 15 रचनाएँ ही प्राप्त हुई। इनमें से 13 कविताएँ तथा मात्र 02 पद्य / आलेख हैं।

<u>बिंदु (2)</u> प्राप्ति एवं प्रेषण अनुभाग को विभागीय विषयों से संबंधित पुस्तकें खरीदते समय राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित कुल क्रय पुस्तकों का 50% हिन्दी की पुस्तकें खरीदे जाने हेतु निर्देश जारी किए गए।

<u>बिन्दु (3)</u> अधीनस्थ कार्यालयों / अनुभागों को राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए हिन्दी पत्राचार में वृद्धि लाने का निरंतर प्रयास किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए।

**मद संख्या -03 पिछली तिमाही के रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

बैठक में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित पिछली दो तिमाही 06/2017 एवं 09/2017 के रिपोर्ट की तुलनात्मक समीक्षा की गई जिसमें यह पाया गया की मुख्य कार्यालय के रिपोर्ट में तिमाही 06/2017 की तुलना में तिमाही 09/2017 में 'क' एवं 'ख' क्षेत्र से किए जा रहे हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में क्रमश: 0.34% एवं 2.74% की वृद्धि दर्ज की गई है।

समेकित रिपोर्ट (मुख्य कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालय) में 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों से हुए हिंदी पत्राचार की प्रतिशतता में क्रमश: 1.07%, 0.65% की वृद्धि एवं 'ग' क्षेत्र से हुए हिंदी पत्राचार की प्रतिशतता में 2.74 की कमी आयी है।

**मद संख्या – 04 संगठन में हिंदी पदों की स्थिति :**

वर्तमान में हमारे संगठन में राजभाषा संवर्ग के पदों की स्थिति इस प्रकार है :

| पद | स्वीकृत | भरे गए | रिक्त |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक (राजभाषा) | 02 | 00 | 02 |
| वरिष्ठ अनुवादक | 01 | 01 | 00 |
| कनिष्ठ अनुवादक | 04 | 01 | 03 |

**मद संख्या-05 आगामी तिमाही में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में किये जाने हेतु समिति के निर्णय एवं सुझाव:**

आगामी तिमाही में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए समिति के सदस्यों एवं अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय/सुझाव दिए गए :-

1. समिति ने सुझाव दिया कि कार्यालय की गृह पत्रिका 'लेखा भारती' के अगले संस्करण के प्रकाशन में तेजी लाने हेतु हर स्तर पर प्रयास किया जाए। रचनाओं में विभागीय कार्यों ( वेतन, लेखा, निधि, अभियांत्रिकी, एन.पी.एस, लेखा परीक्षा, परिवहन,डाल्फिन-ट्यूलिप प्रोजेक्ट आदि) से संबंधित रचनाओं को शामिल किया जाए।

   (कार्रवाई –मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग एवं अधीनस्थ कार्यालय )

2. पाठकों को पुस्तक चयन में सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु हिन्दी कक्ष के पुस्तकालय की पुस्तकों के रखरखाव को और सुनियोजित किया जाए।

   (कार्रवाई – हिन्दी कक्ष)

3. जिन कार्यालयों/अनुभागों का 'क' क्षेत्र से हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत 90-95 है,वे इसे बढ़ाकर 95 प्रतिशत से ऊपर ले जाएं तथा जिन कार्यालयों/अनुभागों का 'क' क्षेत्र से हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत 95 प्रतिशत से ऊपर है,वे इसे बढ़ाकर 98 प्रतिशत तक ले जाने का प्रयास करें ।

(कार्रवाई –मुख्य कार्यालय के सभी अनुभाग एवं अधीनस्थ कार्यालय )

4. ऐसे अधीनस्थ कार्यालय और अनुभाग जिनके हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत 90 से कम है, वे हिंदी पत्राचार में वृद्धी हेतु गम्भीरता पूर्वक ठोस कार्रवाई करे । 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों का उत्तर अधिकाधिक हिंदी में दिए जाएं ।

अंत में सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय व समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए बैठक सम्पन्न हुई ।

(दिपांकर लाहिड़ी)
व.लेखा अधिकारी (हिंदी)